टीचर एक्सचेंज प्रोग्राम

कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य के शिक्षकों एवं शिक्षक–प्रशिक्षकों को अन्य राज्यों में संचालित अकादमिक शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कार्यक्रमों को जानने का अवसर मिलता है। विगत वर्ष 2022–23 में राज्य के 62 शिक्षकों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों द्वारा दिनांक 13 से 14 मार्च, 2023 एवं दिनांक 16 से 17 मार्च, 2023 को दिल्ली राज्य में एन॰सी॰ई॰आर॰टी॰, एस॰सी॰ई॰आर॰टी॰ दिल्ली, विभिन्न जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों, विभिन्न विद्यालयों, टी॰एल॰एम॰ मेला, विद्यालय के वार्षिकोत्सव, प्रयोगशालाएँ, कक्षा–शिक्षण की प्रविधियों, हैप्पीनेस प्रोग्राम सहित विविध नवाचारी कार्यक्रमों को देखने, समझने एवं जानने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान उत्तराखण्ड राज्य के शिक्षकों द्वारा दिल्ली राज्य के शिक्षकों, शिक्षक–प्रशिक्षकों एवं अन्य अकादमिक संस्थाओं के साथ अपने विचारों एवं अनुभवों को साझा किया गया।